हेग कन्वेंशन, 1954

प्रलिम्सि के लयि:

संयुक्त राष्ट्र शैक्षकि, वैज्ञानकि एवं सांस्कृतकि संगठन (यूनेस्को), 'ब्लू शील्ड एम्ब्लेम', 1954 का हेग कन्वेंशन, रेड क्रॉस, सतत् वकिास लक्ष्य (SDG)।

मेन्स के लयि:

सांस्कृतकि वरिासत का संरक्षण।

चर्चा में क्यों?

हाल ही में 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षकि, वैज्ञानकि और सांस्कृतकि संगठन' (यूनेस्को) ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के आलोक में यूक्रेन की लुप्तप्राय सांस्कृतकि वरिासत को संरक्षति करने हेतु सुरक्षात्मक उपायों पर ज़ोर दयिा है।

- आकस्मकि क्षतसि बचने के लयि एजेंसी, यूक्रेन में सांस्कृतकि स्थलों और स्मारकों जैसी सांस्कृतकि संपत्तकिो सशस्त्र संघर्ष की स्थतिमिें संरक्षण हेतु वर्ष 1954 के हेग कन्वेंशन के वशिष्टि 'ब्लू शील्ड' प्रतीक के साथ चहि्नति कर रही है।

वर्ष 1954 का हेग कन्वेंशन

- **पृष्ठभूमि:** इतिहास के संदर्भ में देखें तो सशस्त्र संघर्षों ने सदैव लोगों के जीवन पर कहर ढाया है। मानवीय क्षतकि अलावा सशस्त्र संघर्षों ने सांस्कृतकि वरिासत के बड़े पैमाने पर वनिाश, समुदायों की नींव को कमज़ोर करने के साथ ही स्थायी शांतएिवं सुलह की संभावनाओं को भी जन्म दयिा।
- **उत्पत्ति:** यह देखते हुए कसिांस्कृतकि वरिासत का संरक्षण दुनयिा के सभी लोगों के लयि बहुत महत्त्वपूर्ण है इसने सार्वभौमकि संरक्षण की आवश्यकता पर बल दयिा है, सशस्त्र संघर्ष की स्थतिमिें सांस्कृतकि संपत्तकि संरक्षण के लयि कन्वेंशन को वर्ष 1954 में यूनेस्को के तत्त्वावधान में अपनाया गया था।
  - इस कन्वेंशन को वर्ष 1954 के हेग कन्वेंशन के रूप में जाना जाता है।
  - यह ऐसी पहली और सबसे व्यापक बहुपक्षीय संधहिै, जो वशिष रूप से शांतकि समय के साथ-साथ सशस्त्र संघर्ष के दौरान सांस्कृतकि वरिासत की सुरक्षा हेतु समर्पति है।
- **उद्देश्य:** सम्मेलन का उद्देश्य सांस्कृतकि संपत्तकिी रक्षा करना है जसिमें वास्तुकला, कला या ऐतिहासकि स्मारक, पुरातात्वकि स्थल, कला संबंधति कार्य, पांडुलपियिाँ, कताबिें व कलात्मक, ऐतिहासकि या पुरातात्वकि रुचकिी अन्य वस्तुएँ, साथ ही कसिी भी प्रकार के वैज्ञानकि संग्रह हो सकते हैं, चाहे उनका मूल या स्वामत्वि कुछ भी हो।
- भारत हेग कन्वेंशन,1954 का पक्षकार देश है।

ब्लू शील्ड प्रतीक/चहि्न (Blue Shield Emblem):

- **आवश्यकता:** हेग कन्वेंशन, 1954 के अनुच्छेद 6 के अनुसार, सांस्कृतकि संपत्तमिें एक वशिष्टि प्रतीक हो सकता है ताकइिसकी मान्यता को सुवधिाजनक बनाया जा सके।
- **उत्पत्ति:** ब्लू शील्ड को पूर्व में ब्लू शील्ड की अंतर्राष्ट्रीय समतिदि्वारा 1996 में स्थापति कयिा गया।
- **ब्लू शील्ड के बारे में:** यह एक गैर-सरकारी, गैर-लाभकारी, अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो दुनयिा भर में वरिासतों के संरक्षण हेतु प्रतबिद्ध है।
  - ब्लू शील्ड नेटवर्क (Blue Shield Network) को अक्सर रेड क्रॉस के सांस्कृतकि समकक्ष के रूप में जाना जाता है।

Logo of Blue Shield Emblem

- **कार्य:** ब्लू शील्ड दुनिया भर में समर्पित व्यक्तियों की समितियों का एक नेटवर्क है जो विश्व की सांस्कृतिक विरासत को सशस्त्र संघर्ष और प्राकृतिक आपदाओं जैसे खतरों से बचाने के लिये प्रतिबद्ध है।
    - इसमें संग्रहालय, स्मारक, पुरातात्विक स्थल, अभिलेखागार, पुस्तकालय, दृश्य-श्रव्य सामग्री और महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक क्षेत्रों के साथ-साथ अमूर्त विरासत शामिल हैं।
- **संबंधित मुद्दा:** कुछ राज्यों द्वारा अपनी सांस्कृतिक संपत्तियों को यह तर्क प्रस्तुत करते हुए चिह्नित करने से इनकार किया गया है कि यदि उस संपत्ति को राष्ट्रीय पहचान के प्रतीक के रूप में चिह्नित किया जाता है तो वह दुश्मन के हमलों के प्रति अधिक सुभेद्य होगी।
    - दुर्भाग्य से पूर्व यूगोस्लाविया में युद्ध के दौरान यह बात साबित हो चुकी है जहाँ ब्लू शील्ड के रूप में चिह्नित सांस्कृतिक संपत्ति को जान-बूझकर लक्ष्य किया गया था।

यूनेस्को (UNESCO):

- **परिचय:**
    - यह संयुक्त राष्ट्र (UN) की एक विशेष एजेंसी है जो शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने का प्रयास करती है।
    - इसकी **स्थापना वर्ष 1945** में हुई थी तथा इसका **मुख्यालय पेरिस, फ्राँस** में है।
    - इसमें 193 सदस्य देश और 11 सहयोगी सदस्य हैं। भारत वर्ष 1946 में यूनेस्को में शामिल हुआ।
        - वर्ष 2019 में संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़रायल ने औपचारिक रूप से यूनेस्को को छोड़ दिया।
- **यूनेस्को की प्रमुख पहल:**
    - **मानव व जीवमंडल कार्यक्रम**
    - **विश्व विरासत कार्यक्रम**
    - **यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क नेटवर्क**
    - **यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क**
    - एटलस ऑफ द वर्ल्ड्स लैंग्वेजेज़ इन डेंजर
- **रिपोर्ट:**
    - **यूनेस्को विज्ञान रिपोर्ट**
    - **वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट**
    - **स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट इन इंडिया, यूनेस्को**

विगत वर्षों के प्रश्न

प्रश्न. हाल ही में निम्नलिखित में से किसे यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है? (2009)

(a) दिलवाड़ा मंदिर
(b) कालका-शिमला रेलवे
(c) भितरकनिका मैंग्रोव क्षेत्र
(d) विशाखापत्तनम से अराकू घाटी रेलवे लाइन

उत्तर: (b)

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/1954-hague-convention